सं0-4/1425/62-1-2014-50जीडब्लू/2014

प्रेषक,

भरत लाल राय,
विशेष सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
भूगर्भ जल विभाग
उ0 प्र0 लखनऊ।

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-1 लखनउ- दिनांक- 13 अक्टूबर,2014

विषय- भूगर्भ जल विभाग में विश्व बैक पोषित उ0 प्र0 वाटर सेक्टर रिट्रक्चरिंग परियोजना-द्वितीय चरण के अन्तर्गत परियोजना क्रियान्वयन प्रकोष्ठ के कार्यालय भवन सं0-ए-2/39, विशाल ख्ण्ड, गोमती नगर, लखनऊ के किराये की स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र सं0-107/भू0ज0वि0/वि0बै0प0म0, दिनांक 19 सितम्बर,2014 के संदर्भ मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जिलाधिकारी, लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराये गये औचित्य प्रमाण-पत्र के आधार पर भूगर्भ जल विभाग में विश्व बैक पोषित उ0 प्र0 वाटर सेक्टर रिट्रक्चरिंग परियोजना-द्वितीय चरण के अन्तर्गत परियोजना क्रियान्वयन प्रकोष्ठ के कार्यालय भवन सं0-ए-2/39, विशाल ख्ण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, जिसका कारपेट एरिया 361.69 वर्गमीटर है, का किराया `-240/- प्रति वर्गमीटर की दर से `-86,806.00 लाख (रूपया छियासी हजार आठ सौ छः मात्र) प्रतिमाह दिनांक 08-9-2014 से स्वीकृत किये जाने की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि किराये के औचित्य प्रमाण-पत्र से नगर निगम, लखनऊ को भी अवगत करायें।

2- उपर्युक्त भुगतान करने के पूर्व भवन स्वामी से इस संबंध में वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-5 के भाग-1 के अध्याय-13 के नत्थी तथा अपेन्डिक्स-10 के नियम-24 के अन्तर्गत संदर्भित प्रपत्र पर अनुबन्ध करा लिया जाय तथा उसकी एक प्रति शासन एवं महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद को भेजी जाय। यह भी उल्लेख कर दिया जाय कि 05 वर्ष की अवधि से पूर्व किराये मे कोई वृद्धि नही की जायेगी।

भवदीय,
ह0/
(भरत लाल राय)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

सं0-4/1425(1)/62-1-2014, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0 प्र0 इलाहाबाद।

2- वैयक्तिक सहायक (प्रा0) (वैज्ञानिक विघा) आहरण वितरण अधिकारी, भूगर्भ जल विभाग, प्रयोगशाला, 01/01 जानकीपुरम, लखनऊ।

3- परियोजना क्रियान्वयन प्रकोष्ठ, कार्यालय भवन सं0-ए-2/39, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

4- श्री रजनीश शंकधर, एडवोकेट, भवन स्वामी, मकान नं0-ए-2/39, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

आज्ञा से,

ह0/

(ओम नारायण अहिरवार)

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in